बिहार विधान सभा सचिवालय

ज्ञाप संख्या-01 स्था0-36/2021- 279 / वि0स0, पटना, दिनांक:- 23/01/2024

आदेश

बिहार विधान सभा सचिवालय के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण को तथा राज्य सरकार के मंत्री / राज्य मंत्री / उपमंत्री की सुविधा प्राप्त करने वाले बिहार विधान सभा के महानुभावों के साथ प्रतिनियुक्त आप्त सचिव / निजी सहायक को निदेश दिया जाता है कि विहित प्रपत्र में दिनांक 31.12.2023 की स्थिति पर आधारित चल एवं अचल संपत्ति तथा दायित्वों की विवरणी दिनांक 15.02.2024 तक अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करेंगे । विहित प्रपत्र सभा सचिवालय के वेबसाईट WWW.Vidhansabha.nic.in पर उपलब्ध है ;

2. निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, बिहार विधान सभा सचिवालय को निदेश दिया जाता है कि माह फरवरी, 2024 के वेतन की निकासी करते समय यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि संबंधित कर्मी द्वारा चल एवं अचल संपत्ति तथा दायित्वों की विहित प्रपत्र में समर्पित कर दिया गया है । इसके पश्चात् ही संबंधित कर्मी के वेतन की निकासी की जाए ;

3. सभा सचिवालय के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण से उक्त विवरणी प्राप्त होने के उपरांत इसे सभा सचिवालय के वेबसाईट पर दिनांक 31.03.2024 तक अपलोड करने की कार्रवाई श्रव्य एवं दृश्य इकाई शाखा द्वारा किया जायेगा तत्पश्चात् संसदीय कार्य विभाग के पत्र के आलोक में इसकी हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी सामान्य प्रशासन विभाग के साथ-साथ संसदीय कार्य विभाग को उपलब्ध कराई जायेगी ।

कृपया इसे अत्यावश्यक समझा जाय ।

आदेश से,

(संजय कुमार)
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना ।

ज्ञापांक-01 स्था0-36/2021- 279 /वि0स0, पटना, दिनांक- 23/01/2024

प्रति:- निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी-सह-अवर सचिव / अवर सचिव, श्रव्य एवं दृश्य इकाई शाखा को संसदीय कार्य विभाग का पत्रांक-24, दिनांक 08.01.2024 के साथ अनुलग्नक पत्रों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

अनुरोध करना है कि इन पत्र एवं प्रारूप को विधान सभा के वेबसाईट पर अपलोड करायी जाय ।

अवर सचिव,
बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना ।

ज्ञापांक-01 स्था0-36/2021- 279 /वि0स0, पटना, दिनांक- 23/01/2024

प्रति:- सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण / जनसम्पर्क शाखा / आई.टी. सेल / वेतन शाखा / माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय, माननीय नेता विरोधी दल, मुख्य सचेतक, उप मुख्य सचेतक, सचेतकगण का स्थापना एवं वेतन तथा उनके पदाधिकारीगण का वेतन शाखा एवं स्थापना शाखा के सभी प्रभारी सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

अवर सचिव,
बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना ।

23-01-24